भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला

नामांतरण अपील वाद सं0-05/2016-17

जगदीश महतो **बनाम** श्रीमति निरुपमा

आदेश

यह अभिलेख 1. जगदीश महतो पिता स्व0 सागर महतो, 2. दिनेश महतो पिता स्व0 दुलाल महतो 3. मुकेश महतो पिता स्व0 दुलाल महतो 4. अर्जुन महतो पिता स्व0 विपरा महतो, 5. पटेल महतो स्व0 सुखदेव महतो 6. राजू महतो पिता स्व0 सुखदेव महतो 7. महादेव महतो पिता स्व0 युधिष्ठिर महतो सभी का पता-ग्राम-बाना, पो0+थाना-राजनगर, जिला-सरायकेला-खरसावाँ के अपील आवेदन पर अंचल अधिकारी, गम्हरिया के नामांतरण वाद सं0-165/2016-17 दिनांक 18.11.16 में पारित आदेश के विरुद्ध खोला गया है।

अपील सुनवाई हेतु स्वीकार किया गया। निम्न न्यायालय से संबंधित अभिलेख का मांग किया गया और उत्तरवादी को सूचना दी गई।

उभय पक्ष के अधिवक्ता एवं उभय पक्ष लंबी अवधि से न्यायलय में उपस्थित नहीं हो रहे है और न ही इस वाद की सुनवाई में कोई अभिरुची है। ऐसी परिस्थिति में लम्बे अवधि तक न्यायालय में वाद को लंबित नहीं रखा जा सकता है।

तद्नुसार वाद की कार्यवाही बंद की जाती है।

08/06/18

भूमि सुधार उप समाहर्ता,
सरायकेला।